आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के पहले चरण में कल 168 निकायों के लिए वोट डाले जायेगें चुनाव सम्पन्न कराने के लिए आज मतदान दलों की रवानगी हो रही हैं मतदान कर्मियों को अंतिम प्रशिक्षण और चुनाव सामग्री वितरित की गई कल होने वाले मतदान में साढे 57 लाख से अधिक मतदाता 20 हजार 600 से अधिक प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगें मतदान सुबह 7 बजे से शुरू होकर शाम 6 बजे तक चलेगां राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार मतदान के लिए वोटर आईडी सहित 11 अन्य वैकल्पिक दस्तावेज मान्य होंगें राज्य में नगरीय निकाय चुनाव की मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने के लिए सभी इंतजाम सुनिश्चित किये गये हैं निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक तथा जिला निर्वाचन अधिकारी मतदान केन्द्रों की मॉनिटरिंग कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं पुलिस प्रशासन भी अलर्ट मोड पर हैं और फ्लैग मार्च निकाल भयमुक्त मतदान के लिए लोगों को प्रेरित कर रहे हैं दूसरी ओर दूसरे चरण के 11 सितम्बर को होने वाले चुनाव को लेकर प्रचार की सरगर्मियां बनी हुई हैं भाजपा और कांग्रेस के साथ क्षेत्रीय दलों और निर्दलियों ने मतदाताओं को लुभाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज पाली में रोड़ शो कर पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में वोट मांगेंगें उनका कल राजधानी जयपुर में भी रोड़ शो का कार्यक्रम हैं जयपुर जिले की 2 नगर परिषद् और 16 नगर पालिकाओं में कल वोट डाले जाएंगे, जबकि नगर निगम क्षेत्र में 11 सितम्बर को मतदान होगां गौरतलब है कि प्रदेश के 309 नगरीय निकायों में चुनाव के लिए दो चरणों में मतदान होगां पहले चरण में 9 सितम्बर और दूसरे चरण में 11 सितम्बर को वोट डाले जायेगें मतों की गिनती 14 तारीख को होगी और अध्यक्ष का चुनाव 20 सितम्बर को किया जाएगां

000

वाणिज्यिक कर विभाग ने चुनाव के दौरान संदिग्ध लेन–देन, अपात्र आईटीसी, बिना वास्तविक आपूर्ति के बिल जारी करने जैसी विसंगतियों पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया हैं विभाग की प्रवर्तन टीमों ने जयपुर, अलवर, सवाई माधोपुर और डीडवाना–कुचामन में जांच कर पौने दो करोड़ रूपये की जीएसटी जमा करवाई हैं इन जिलों में करदाताओं के व्यवसायिक परिसरों का निरीक्षण और जांच कर करदाताओं से एक करोड़ 93 लाख रूपये की बकाया जीएसटी को पकड़ा हैं टीम ने जयपुर की एक ट्रेवल फर्म से करीब एक करोड़ 40 लाख रूपये की जीएसटी का भुगतान करवाया हैं इसी तरह अलवर में दो तेल फर्मों से 40 लाख रूपये और सवाईमाधोपुर में करीब 29 लाख रूपये की जीएसटी चोरी पकड़ी गई हैं

000

भारत ने अगली पीढ़ी के 6–जी नेटवर्क के विकास को लेकर अमरीका और 24 अन्य देशों के साथ एक अंतरराष्ट्रीय पहल में शामिल होने की घोषणा की हैं इस पहल का उद्देश्य नेटवर्क सुरक्षा मजबूत करना, प्रतिस्पर्धा बढ़ाना और नई तकनीकों में नवाचार को बढ़ावा देना हैं यह घोषणा केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद और अमरीकी वाणिज्य सचिव हावर्ड लटनिक की मुलाकात के बाद हुई

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज प्रसिद्ध गायक और पूर्व सांसद, भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका को उनकी 100वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कीं सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि डॉ. हजारिका की आवाज ने असम की आत्मा और पूर्वोत्तर की भावना को पूरे देश तक पहुंचायां उन्होंने कहा कि इस महान गायक के गीतों ने लोगों को करीब लाने का काम कियां उन्होंने कहा कि डॉ. हजारिका का जीवन और कार्य आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगां इधर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने डॉ. हजारिका को उनकी जयंती पर नमन किया हैं

000

आज अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस हैं इस अवसर पर शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि साक्षरता ज्ञान, अवसर और बेहतर भविष्य का रास्ता खोलती हैं उन्होंने लोगों से शिक्षा को बढ़ावा देने और यह सुनिश्चित करने की अपील की कि कोई भी सीखने से वंचित नहीं रहें

श्री जोशी ने कहा कि शिक्षित और सशक्त नागरिक ही विकसित भारत की मजबूत नींव हैं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सोशल मीडिया पोस्ट में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर कहा कि शिक्षा केवल अक्षर ज्ञान नहीं बल्कि सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की पहली सीढ़ी हैं

000